योगेन्द्र मौद्गिल

चाँद पर गेंद

फुटबॉल के तीन मशहूर खिलाड़ी
मस्ती में गप्प हाँक रहे थे
गप्प में रिकॉर्डों को मात कर रहे थे
एक ने सर हिलाया
और अपना संस्मरण सुनाया –

एक बार मैंने गेंद उठाई
हिट लगाई
बॉल पूरे दो घण्टे के बाद
वापिस आई।

दूसरे ने फरमाया –

इसमें क्या विचित्र है भाया
एक बार मैंने भी हिट लगाई
खेलते-खेलते
गेंद गायब ही हो गई फील्ड से
रियली पूरे दो दिनों बाद मिली।

दोनों की बात सुनने के बाद
तीसरे ने मुँह खोला

विस्मयपूर्ण स्वर में बोला –
यार क्या बताऊँ
कैसे समझाऊँ कि
हमने तो इक बार ऐसी हिट लगाई
कि बॉल एक हफ्ते के बाद
वापिस आई
और आश्चर्य की बात
उस पर लिखा था –

आशा है आप आइन्दा
बॉल को ऐसे हिट नहीं करेंगे
क्योंकि यदि बॉल
फिर से चाँद पर आ गई
तो हम भी इसे वापिस नहीं करेंगे।